***...उच्च रक्तचाप को नियन्त्रण में लाने के लिए अधिक नमक, मिर्च-मसाले, अधिक चीनी, वसा तथा तली हुई वस्तुओं का सेवन, सिगरेट कॉफी तथा शराब का सेवन न करें। लगातार मानसिक चिन्ता, शोक, क्रोध, मोटापा, मधुमेह का रोग, गुर्दों द्वारा अपना कार्य भली भांति न करने के कारण उच्चरक्तचाप के रोग उग्र रूप धारण कर लेते हैं।... पोटैशियम युक्त भोजन, मलाई उतारा हुआ दूध, सादा दही तथा संतरे का जूस, टमाटर, पालक, केला प्रतिदिन लेने से उच्चरक्तचाप सामान्य हो जाता है।...***

हमारे शरीर में रक्तवाहिनी धमनियों में जो रक्त प्रवाह होता है, उस प्रवाह को गति हृदय से प्राप्त होती है। जो कि दिन-रात लगातार एक अनवरत पम्पिंग मशीन की भांति रक्त को पम्प करता रहता है। हृदय द्वारा उत्पन्न दबाव से रक्त धमनियों में पहुंचता है और शरीर के विभिन्न भागों को शक्ति देकर पुन: हृदय के पास लौट आता है। इस वापिस आए रक्त को हृदय अपनी विधि द्वारा शुद्ध करके पुन: शरीर में भेज देता है। इस तरह यह रक्त के आवागमन की प्रक्रिया निरन्तर चलती रहती है। रक्त पर हृदय की पम्पिंग का जो दबाव पड़ता है उसे रक्तचाप कहते हैं।

सामान्य रक्तचाप एक स्वाभाविक क्रिया है लेकिन जब यह क्रिया असामान्य हो जाती है तब रोग बन जाता है। जब किन्हीं कारणों से यह दबाव बढ़ता है तो उसे उच्चरक्तचाप कहते हैं, तथा जब दबाव कम हो जाता है तब इसे निम्न रक्तचाप कहते हैं।

जब हृदय अपने पास इकट्ठे हुए रक्त को शरीर में भेजने के लिए सिकुड़ता है तो उस समय जो अधिकतम दबाव बनता है उसे सिस्टोलिक रक्तचाप या प्रकुंचन चाप कहते हैं। शरीर से वापिस लौटे इसी रक्त को ग्रहण करने के लिए जब हृदय ढ़ीला होता है तो उस समय जो प्रेशर बनता है उसे डायस्टोलिक प्रेशर या अनुशिथिलन रक्त चाप कहते हैं। इन क्रियाओं के सन्तुलित दबाव को रक्तचाप कहते हैं। साधारणतया बच्चों का रक्तचाप 80/50, युवकों का 120/70 तथा प्रोढ़ों का 140/90 होना सामान्य माना जाता है। इनमें पहली बड़ी संख्या सिस्टोलिक प्रेशर तथा दूसरी छोटी संख्या डायस्टोलिक प्रेशर की सूचक है।

उच्चरक्तचाप का रोग एकदम नहीं होता। यह धीरे-धीरे आता है और कई तरह की पूर्व सूचना देकर आता है। उच्चरक्तचाप होने पर कुछ सामान्य लक्षण जैसे-सिरदर्द, सिर भारी रहना, सिर में चक्कर आना, शरीर में थकान महसूस होना, स्वभाव चिड़चिड़ा होना, किसी काम में मन न लगना, अनिद्रा, चढ़ने में सांस फूल जाना इत्यादि। उच्चरक्तचाप का यदि समय पर उपचार न किया जाए तो हार्ट अटैक, गुर्दों का रोग, लकवा तथा आंखों के कई रोग हो जाते हैं।

उच्चरक्तचाप को नियन्त्रण में लाने के लिए अधिक नमक, मिर्च-मसाले, अधिक चीनी, वसा तथा तली हुई वस्तुओं का सेवन, सिगरेट कॉफी तथा शराब का सेवन न करें। लगातार मानसिक चिन्ता, शोक, क्रोध, मोटापा, मधुमेह का रोग, गुर्दों द्वारा अपना कार्य भली भांति न करने के कारण उच्चरक्तचाप के रोग उग्र रूप धारण कर लेते हैं।

पोटैशियम युक्त भोजन, मलाई उतारा हुआ दूध, सादा दही तथा संतरे का जूस, टमाटर, पालक, केला प्रतिदिन लेने से उच्चरक्तचाप सामान्य हो जाता है।

**निम्न रक्तचाप**-के कई कारण हो सकते हैं, परन्तु इसको मुख्यत: तीन भागों में विभक्त किया जाता है-

पौष्टिक आहार की कमी के कारण, लम्बे समय तक बीमार पड़े रहने, हृदय की किसी बीमारी तथा क्षय रोग के कारण लाक्षणिक निम्नरक्तचाप हो जाता है।

जब तक व्यक्ति बिस्तर में लेटा रहता है, उसका रक्तचाप ठीक रहता है पर ज्यों ही वह बिस्तर से उठता है तो उसे निम्नरक्तचाप हो जाता है। इसलिए इसे राइजिंग का नाम दिया जाता है। यह विशेषकर शारीरिक तौर पर कमजोर तथा पतली औरतों को होता है, उठने पर उन्हें चक्कर आने लगते हैं।

पतले लम्बे व्यक्तियों जिनको भूख कम लगती है, जिनके भोजन में प्रोटीन तत्व बहुत कम होते हैं, कब्ज वाले रोगियों तथा रक्तहीनता वाले रोगियों को भी यह रोग हो जाता है।

गर्मी के मौसम में अधिक पसीना आने के कारण शरीर में पानी व लवण की कमी हो जाना, दस्त के कारण शरीर में पानी व लवण तत्वों की कमी हो जाने से भी निम्नरक्तचाप हो जाता है।

**उच्चरक्तचाप में लाभप्रद**- छांछ पीने से लाभ पहुंचता है, तुरन्त लाभ के लिए आधा कप पानी में आधा नींबू निचोड़कर दिन में दो-तीन बार दो-दो घण्टे के अन्तराल में पीने से तुरन्त लाभ होता है।

**निम्नरक्तचाप में लाभप्रद**- एक कप पानी में किशमिश भिगो दें। 12 घण्टे भीगने के बाद प्रात:काल एक-एक मिशमिश को खूब चबा-चबाकर खाने से निम्नरक्तचाप में बहुत लाभ होता है। एक माह तक लगातार सेवन करने से पूर्णलाभ प्राप्त होता है।

**हृदय रोग**-हृदय रोग आज तेजी से फैलता जा रहा है। खान-पानी की स्वच्छन्दता, भौतिकवाद की होड़ में तरह-तरह के मांसाहारी एवं गरिष्ठ पदार्थों के प्रति आकर्षण, शारीरिक श्रम की शून्यता, मानसिक तनाव आदि हृदय-रोग की वृद्धि के कारण हैं।

हृदय की शिराएं जब अवरुद्ध हो जाती हैं तो हृदयघात की सम्भावना बन जाती हैं। अधिक चिकनाईयुक्त वसायुक्त भोजन खून में थक्के जमाता है तथा उसीका कुपरिणाम शिराएं अवरुद्ध होने के रूप में सामने आता है।

आधुनिक विज्ञान ने हृदय रोग के निदान के लिए बाईपास सर्जरी, पेसमेकर-जैसी अनेक अत्यन्त खीर्चीली सुविधाएं ईजाद की हैं, किंतु इनका उपयोग साधारण रोगी नहीं कर सकता है और यह भी तथ्य सामने आए हैं कि ऑपरेशन करने वाले को जीवन भर अनेक अन्य बीमारियों का सामना भी करना पड़ता है।

घीया (लौकी) हृदय रोग में रामबाण औषधि सिद्ध हुआ है। अनेक हृदय रोगियों ने इसका उपयोग किया और रोग से छुटकारा पाया है हृदय रोगियों के लिए इस अनुभूत प्रयोग की विधि इस प्रकार है-

घीया को छिलके सहित धोकर घीयाकश में कस लें। कसी हुई घीया को सिलबट्टे पर पीस लें। ग्राइंडर में डालकर भी उसका रस निकाला जा सकता है।

घीया को पीसते समय पोदीना के 5-6 पत्ते तथा तुलसी के 8 पत्ते उसमें डाल दें। फिर पिसे हुए घीया को कपड़छान करके उसका रस निकाल लें। उस रस की मात्रा 125-150 ग्राम होनी चाहिए। इसमें इतना ही सवच्छ जल मिलाएं। अब यह 250 से 300 ग्राम रस हो जाएगा। इस रस में चार काली मिर्च का चूर्ण तथा एक ग्राम सेंधा नमक मिला लें। अब इस रस को भोजन करने के आधा या पौन घंटे के पश्चात सुबह-दोपहर एवं रात्रि में तीन बार लें। प्रारम्भ में 3-4 दिन तक रस की मात्रा कम भी ली जा सकती है। रस हर बार ताजा लेना चाहिए। प्रारम्भ में यदि पेट कुछ गड़बड़ महसूस हो तो चिन्तित न हो। घीया का यह रस पेट में पल रहे विकारों को भी दूर कर देता है। तीन बार औषधि लेने में कठिनाई हो तो आधा-आधा किलो घीया इसी प्रकार सुबह-शाम लिया जा सकता है।

घीया पहले पांच दिन तक लगातार लेना होगा, फिर 25 दिन का अन्तराल देकर, पांच दिन तक लगातार लें। इस प्रकार कम-से-कम तीन महीने तक लेना होगा। उपचार के दौरान कोई भी खट्टी वस्तु न लें। न तो खट्टे फल, न टमाटर, न नींबू।

हृदयरोगियों को मांस, मदिरा, धूम्रपान आदि का पूरी तरह त्याग करना आवश्यक है। चार-पांच किलोमीटर टहलना भी जरूरी है।

# Makers of the Arya Samaj : Maharishi Dayanand Saraswati

**Continue From Last issue**

**The Teachings of Swami Dayanand**

Swami Dayanand believed in one God. He is the Creator of this universe, and the source of everything that exists. He has no peer and is All-powerful. He is neither born, nor does He die. He is eternal and knows everything. God alone should be worshipped.

Swami Dayanand raised his voice against idol-worship. He believed that it was against the injunctions of the Vedas. "We should honour and respect learned men, teachers, parents, elders and good persons, but we should worship none but God," he said. Idol-worship he believed to be very harmful. Not only had it degraded India spiritually but it had also separated one Hindu from another.

SwamiDayanand believed the Vedas to be revealed books. "To study them is the duty of everybody," he said. "It is not only men who are entitled to study them, but also women. Everyone, high and low, should think it his duty to read these sacred books."

The pursuit of truth was, according to Swami Dayanand, the highest duty of man. "We should always be prepared," he said, "to embrace the truth and to cast of falsehood. God only loves the man who seeks after truth. We should, however, seek the truth in an unbiased and unprejudiced way. He who is prejudiced can never attain to truth."

Swami Dayanand believed that nobody was born as Brahmin, Kshatriya, Vaishya or Shudra. At the time oftheir birth all are alike. A man becomes a Brahmin, a Kshatriya or a Shudra not by birth, but in accordance with his qualities, actions and dispositions. It is not birth that determines a man's caste but his actions. A person may be born of Brahmin parents, but he may become a Shudra ifhe acts like one.

Swami Dayanand preached the equality of mankind. He did not believe in any distinction between the high and the low, the high-caste Hindus and the untouchables. "Love one another," he said, "and root out all thoughts of hate from your heart. Love is the highest religion. We can win over even our enemies by love. But love should not be confined only to human beings; even animals should be loved. It is very cruel to inflict any kind of pain on them."

Swami Dayanand did not want women to be

***Swami Dayanand believed in the law of Karma. "As you sow, so shall you reap," he said. "If you sow thorns, you cannot expect to have roses. For everybody reaps the consequences of his actions. A person himself suffers for what he does, and not anybody else. At the same time one can attain salvation only through one's actions. We can never get it through the help of any prophet or holy man."***

***It was Swami Dayanand's firm belief that Brahmcharya is the greatest help to all progress. "It is Brahmcharya only that can make men of us," he used to say. For this reason he advocated that no man before he age of twenty-five and no girl before sixteen should be permitted to marry. He also believed that at the time of marriage we should take into account the compatibility of the dispositions ofthe pair.***

thought inferior to men. He wanted them to be respected. He used to quote a couplet from Manu to this effect, "Where women are honoured, there the gods dwell."

Swami Dayanand was against all kinds of superstition. He did not believe in the existence of ghosts and witches. If anybody came and told him about these things, he simply laughed at him. He was also in favour of the abolition of the Shradhas. He did not believe that if the Brahmins were fed once a year it could be of any use to one's dead ancestors. "Serve your parents and elders and seniors when they are alive," he said. "It is no use offering them any food after their death."

Swami Dayanand believed in the law of Karma. "As you sow, so shall you reap," he said. "If you sow thorns, you cannot expect to have roses. For everybody reaps the consequences of his actions. A person himself suffers for what he does, and not anybody else. At the same time one can attain salvation only through one's actions. We can never get it through the help of any prophet or holy man."

It was Swami Dayanand's firm belief that Brahmcharya is the greatest help to all progress. "It is Brahmcharya only that can make men of us," he used to say. For this reason he advocated that no man before he age of twenty-five and no girl before sixteen should be permitted to marry. He also believed that at the time of marriage we should take into account the compatibility of the dispositions ofthe pair.

Swamiji believed that it was the duty of everyone to spread literacy and to combat ignorance. For this purpose education should not be confined only to boys, but girls also should be educated.

Swami Dayanand stood for the banishment of all forms of selfishness. He said, "We should not be content only with working for our own welfare, but we should also strive for the good of others. It is our duty not only to be happy ourselves, but to make others also happy. Every Arya Samajist should do his level best to work for the physical, intellectual and spiritual development of others. Widows, orphans and those in distress should specially receive his attention. We should try to help them in every possible way."

Swami Dayanand believed in Ahinsa. This means that we should not inflict any injury on any living being. He believed it was the duty of every Indian to look after the cow and preserve it from all harm. There was a time during the yagyas when dumb animals were slaugh tered, but Swami Dayanand said that it was not right to do so. A true. yagya wasone in which a.man took a vow to control such passions as anger, avarice, lustand so on.

He believedthatthe soul is eternal and cannot be destroyed.

He impressed upon every human being to work for the good of the so-called untouchables. He thought it was quite legitimate for the non-Hindus to come into the fold of Hinduism.

It was Swami Dayanand's great desire that all Indians should speak the same langauge, cherish the same ideals and wear the same national dress.

***To be continued......***

***With thanks By: "Makers of Arya Samaj"***

**प्रेरक प्रसंग**

## एक आग्नेय पुरुष : स्वामी योगेन्द्रपाल

**गतांक से आगे –**

जब मिर्जा ने नबी होने का दावा किया था और चमत्कार दिखाने की थोथी घोषणाएँ कीं तो धर्मवीर पण्डित लेखरामजी ने तीन सीधे से चमत्कार दिखाने को कहा था। मिर्जा साहब एक भी न दिखा सके। स्वामी योगेन्द्रपालजी ने पुनः तीन चमत्कार दिखाने की चुनौती देते हुए मिर्जा साहब को नया चैलेंज दिया। स्वामीजी ने कहा–

(1) मिर्जाजी अपने मुरीद (चेले) करीम बख्श की लंगड़ी टांग ही ठीक कर दें। उसके सिर में गंज है और आँख भी नहीं हैं। उसके बाल उगा दें और आँख ठीक कर दें।

(2) सार्वजनिक सभा में मिर्जाजी या हकीम नूरुद्दीन की एक अंगुली काट दी जाए, मिर्जा अपनी चमत्कारी शक्ति से इसे एक घण्टे के भीतर ठीक कर दिखावें।

(3) मिर्जाजी लाहौर आर्यसमाज में हमारे विद्वानों के सामने दो सप्ताह के भीतर चारों वेद व ऋषि के किये हुए वेदभाष्य को कण्ठ करके सुना दें। ऐसा करके दिखाने पर हम उनको नबी मानकर उनके अनुयायी बन जाएँगे। जो खुदा मिर्जा के आदेशानुसार कार्य करता था उस खुदा की कृपा इतनी न हुई कि इनमें से मिर्जा एक भी चमत्कार दिखा सके।

स्वामी जी हकीम भी थे। रोगियों की सेवा भी करते थे। उनका अच्छा पुस्तकालय था। उनका निधन यौवन में ही हो गया। उन्होंने पठानकोट में शरीर त्यागा। आपने मौलवी सनाउल्ला की पुस्तक 'हकप्रकाश' का बहुत युक्तियुक्त उत्तर लिखा था।

***– प्रा. राजेन्द्र जिज्ञासु***

***साभार :***

***तड़पवाले, तड़पाती जिनकी कहानी***

***तड़पवाले, तड़पाती जिनकी कहानी*** : **पुस्तक वैदिक प्रकाशन, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा, 15 हनुमान रोड, नई दिल्ली में उपलब्ध है। पुस्तक प्राप्ति हेतु आज ही अपना आदेश मो. नं. 9540040339 पर प्रेषित करें।**

**संस्कृत वाक्य प्रबोध**

## वन्यपुशप्रकरणम्

| **गतांक से आगे – संस्कृत** | **हिन्दी** |
|---|---|
| 570. पश्य सिंहवराहयोः संग्रामम्। | देख, सिंह और शूकर का युद्ध। |
| 571. शूकरा इक्षुक्षेत्राणि भक्षयित्वा विनाशयन्ति। | शूकर ईख के खेतों को खाकर नष्ट कर देते हैं। |
| 572. पश्य वेगेन धवतो मृगान्। | देख, वेग से दौड़ते हुए हिरनों को। |
| 573. अयं रुरुर्वृषभवत्स्थूलोऽस्ति। | यह कस्तूरी मृग बैल के समान मोटा है। |
| 574. यो निलीयोत्प्लुत्य धवति स शशस्त्वया दृष्टो न वा ? | जो छुपकर कूद के दौड़ता है वह खरगोश तूने देखा है वा नहीं ? |
| 575. बहून् दृष्टवान्। | बहुतों को देखा है। |
| 576. कदाचिद्भालवोऽपि दृष्टा न वा ? | कभी भालुओं को भी देखा है वा नहीं ? |
| 577. एकदार्च्छेन साकं मम युद्धं जातम्। | एक दिन रीछ के साथ मेरी लड़ाई भी हुई थी। |
| 578. रात्रौ शृगालाः रुदन्ति। | रात्रि में सियार रोते हैं। |
| 579. कदाचित्खड्गोऽपि दृष्टो न वा ? | कभी गैंडा भी देखा वा नहीं ? |
| 580. य आरण्या महिषा बलवन्तो भवन्ति तान्कदाचिद् दृष्टवान्न वा ? | जो वनैले भैंसे बलवान् होते हैं उनको कभी देखा वा नहीं। |

***क्रमशः – साभार :– संस्कृत वाक्य प्रबोध (प्रकाशित–दिल्ली संस्कृत अकादमी)***

## आर्यसमाजें कृपया ध्यान दें

समस्त आर्यसमाजों एवं आर्य संस्थानों के अधिकारियों एवं आर्यजनों को सूचित किया जाता है कि श्री जयपाल नामक व्यक्ति जोकि पूर्व में आर्यसमाज प्रशान्त विहार 'ए' ब्लाक, दिल्ली–110085 में सेवक था, ने स्वयं को आर्यसमाज का किरायेदार बताते हुए आर्यसमाज के एक हिस्से पर कब्जा किया है और झूठा केस भी दायर किया हुआ है। वह स्वयं को आर्यसमाज का शास्त्री एवं पुरोहित बताकर यज्ञ करने के लिए जाता है और आर्यसमाज के नाम से दान भी लेता है। इसके साथ ही यह व्यक्ति अन्य कई अवांछनीय गतिविधियों में लिप्त है।

अतः आपसे निवेदन है कि इस व्यक्ति को अपनी आर्यसमाज में सेवक अथवा पुरोहित के रूप में स्थान न दें। *–विनोद कालरा, सहमन्त्री, मो. 9899444347*

पृष्ठ 2 का शेष

## शादी समारोह, ढाबे या रैस्टोरैंट में .....

इस कारण जानकार बताते हैं कि मदरसा छाप इन नौशाद जैसे सिरफिरों को जो तालीम दी जाती है उसमे लव जिहाद, ज़मीन जिहाद, ये जिहाद वो जिहाद इत्यादि पैंतरें मजहब के नाम पर घुट्टी की तरह पिला दिए जाते हैं। दीन खतरे में है, उसकी हिफाज़त के लिए अल्लाह ने तुम्हें काबिलियत बक्शी है। और मुसलामानों के अतिरिक्त सभी काफिर हैं। अब या तो उन्हें क़त्ल करो या इस्लाम की दावत दो। कुरान में क्या लिखा है ये मौलवी को भी नहीं पता। क्योंकि वो अरबी में है और अरबी इनके बाप-दादाओं ने भी कभी नहीं पढ़ी। अत: जो मुल्ला मौलवी ने बोल दिया वही अल्लाह का फरमान है। बिना ये सोचे की वो मुल्ला किस कंगाल मानसिकता का है, "थूक कर खाना खिलाना शबाब का काम है" मुल्ला ने बता दिया और लगे तमाम नौशाद थूकने, खाने में, सब्ज़ियों पर, फलों पर, ब्रेड में, जूस में दूध में हर उस चीज़ में जिसे काफिर खायेगा या पीएगा। ये इस्लाम की दावत मानी जाएगी। अब आप संक्रमण से मर जाएँ तो क्या फर्क पड़ता है, आप काफिर ही हैं, नौशाद की जन्नत में सीट रिजर्व होनी चाहिए, बस।

लेकिन सवाल और हिफाजत ये है कि इनकी इस काल्पनिक जन्नत के चक्कर में दूसरे लोग क्यों गंदगी सटके? वो साम्प्रदायिक कहे कहने दो, हमें ऐसी धर्मनिरपेक्षता नहीं चाहिए जिसमें ये मजहबी मानसिकता की गंदगी परोसी जा रही हो। दूसरों से पैसे कमा कर ये लोग दूसरों की ही थाली में थूकते रहेंगे, आज नौशाद, कल सलीम, परसों सलमान या शहज़ाद!!! सुनिश्चित करिये की जिसे आप काम दे रहे हैं, जहाँ आप खाने जा रहे हैं और जो आप खा रहे हैं उसे बनाने में को नौशाद, फारुख या सलीम न हो। और इसमें देश के तमाम सभी सभ्य समाज को साथ खड़ा होकर इसका तिरस्कार करना चाहिए क्योंकि खाना है साहब कभी मज़बूरी में तो कभी शोकियाना बाहर तो खाना ही पड़ता है। - *सम्पादक*

पृष्ठ 3 का शेष

## क्या नफरत की फैक्टरी का नया ....

लेकिन वहां का बौद्ध कभी भारतीय पौराणिक देवी देवताओं से नफरत नहीं करता। जापान के बौद्ध ही नहीं तिब्बत के बौद्ध भी खुद को हिन्दू ही मानते है। जनवरी साल 2015 में राजघाट स्थित यूथ बुद्धिस्ट संस्थान में धम्म प्रवचन समारोह में आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने खुलकर कहा था कि सनातन धर्म प्राचीनतम है। बौद्ध, यहूदी, इस्लाम, जैन आदि धर्म बाद में अस्तित्व में आए। हिन्दू एवं बौद्ध धर्म में मामूली अंतर है अन्यथा दोनों के अधिकांश सिद्धांत मिलते हैं और दोनों एक ही है।

लेकिन आज भारत का खुद को नवबौद्ध कहने वाले तबके को सिखाया जा रहा है कि जाओ हिन्दुओं को गाली दो। उन्हें कोसो, उन्हें फटकार लगाओ, उनके पौराणिक देवी देवताओं पर गंदे कमेन्ट करो। वे भी ये सुनकर खुद को बुद्ध का अनुयायी समझकर पूरा दिन सोशल मीडिया पर लगा हुआ है। सोच रहा है कि वो बौद्ध मत का प्रचार कर रहा है। जबकि आंबेडकर की 22वी शपथ थी कि मैं गंभीरता एवं दृढ़ता के साथ घोषित करता हूँ कि मैं अपने जीवन का बुद्ध के सिद्धांतों व शिक्षाओं एवं उनके धम्म के अनुसार मार्गदर्शन करूँगा। लेकिन नवबौद्ध क्या कर रहे है या इनसे क्या कराया जा रहा है ये सोचने का समय इनके पास नहीं है। बल्कि ये इस बात से भी अनजान है कि जय भीम-जय मीम यानि आंबेडकर और मुसलमान एक है। ये बोलकर आंबेडकर जी को बौद्ध से मुस्लिम बना रहे है। तो ऐसे में ये सवाल जरूर बन जाता है कि क्या ये महात्मा बुद्ध को जानते है उन्हें समझते हैं तथा क्या ये बौद्ध हैं या सिर्फ राजनितिक लाभ के लिए इनका इस्तेमाल किया जा रहा है?

- ***राजीव चौधरी***

**-: खेद व्यक्त :-**

**खेद है कि प्रिटिंग मशीन (प्रैस) में गड़बड़ी आ जाने के कारण साप्ताहिक आर्यसन्देश का गत अंक वर्ष 45 अंक सं. 5 दिनांक 29/11-5/12/2021 प्रकाशित नहीं हो सका। पाठकों को हुई असुविधा के लिए सम्पादक मंडल खेद व्यक्त करता है। -** *सम्पादक*

**आर्य समाज के महापुरुषों के नाम पर मार्ग, पार्क एवं चौराहों के नामकरण**

## आवश्यक सूचना

अपने सेवा प्रकल्पों एवं लोकोपकारी कार्यों के कारण विख्यात आर्य समाज का भारत में अपना विशेष स्थान है। सम्पूर्ण भारत में सैंकड़ो से ज्यादा स्थानों पर सड़क, मार्ग, पार्क और चौराहों के नाम आर्य समाज एवं आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती, स्वामी विरजानंद, स्वामी श्रद्धानंद आदि महापुरुषों के नाम पर रखे गए हैं, यह अपने आपमें गौरव की बात है, किन्तु इनकी जानकारी एवं रिकार्ड न हो पाना एक खेद का विषय भी है।

अत: भारत की समस्त आर्यसमाजों, आर्य प्रतिनिधि सभाओं एवं आर्य संस्थानों के अधिकारियों, कार्यकर्त्ताओं एवं आर्यजनों से अनुरोध है कि आप कहीं भी आर्य समाज एवं आर्य महापुरुषों के नाम पर किसी भी सड़क, मार्ग, पार्क और चौराहे को देखें या आपके क्षेत्र में ऐसा कोई नया नामकरण हुआ हो तो कृपया इसकी सूचना/फोटो/सम्बन्धित प्रस्ताव/जानकारी **'दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा, 15-हनुमान रोड़, नई दिल्ली-110001'** के पते पर भेजें अथवा aryasabha@yahoo.com पर भेजें अथवा 9650183339 पर व्हाट्स एप्प पर भेजें।

प्रथम पृष्ठ का शेष

कार्यकर्ताओं ने आहुतियां देकर पुण्य अर्जित किया। तदुपरान्त श्री धर्मपाल आर्य जी ने महाशय धर्मपाल जी को उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए उनके मानवसेवा के सफल प्रयासों की भावपूर्ण प्रशंसा करते हुए कहा कि महाशय जी सायंकाल जो सेवा का विचार मन में रखकर सोते थे प्रात:काल उसे पूरा करके ही उन्हें शान्ति मिलती थी। उनके मानवसेवा के कार्य हम सबके लिए प्रेरणाप्रद हैं, हमें आर्य समाज के सिद्धांतों, मान्यताओं को आगे बढ़ाते हुए सेवा कार्यों को गति प्रदान करनी है। हम इस अवसर पर आर्य समाज के माध्यम से जो समाज में ढोंग, पाखंड, अंधविश्वास और कुरीतियां प्रचलित हैं उन्हें जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लें, इस महान संकल्प को पूर्ण करने में अपनी शक्ति लगाएं, एक दिन ऐसा जरूर आएगा जब धरती पर वैदिक विचारधारा का बोलबाला होगा। प्रधान जी ने दिल्ली की समस्त आर्य समाजों शिक्षण संस्थाओं की ओर से महाशय जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री अंकित उपाध्याय जी द्वारा गाए गए मधुर सारगर्भित भजनों ने सभी उपस्थित आर्यजनों को भावविभोर कर दिया। राजवीर शास्त्री जी के भजन भी अनुपम और प्रेरक सिद्ध हुए। अखिल भारतीय दयानंद सेवाश्रम संघ के महामंत्री श्री जोगेंद्र खट्टर जी ने महाशय जी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके अथक परिश्रम और पुरुषार्थ का वर्णन करते हुए कहा कि महाशय जी सुदीर्घ आयु में भी युवाओं से ज्यादा आत्मविश्वास से अत्यंत प्रेरक सेवाकार्य करते थे। आर्य केंद्रीय सभा के महामंत्री श्री सतीश चड्ढा जी ने भी महाशय जी के सेवाकार्यों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके मावन सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों से प्रेरणा प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने कहा कि महाशय जी आर्य केंद्रीय सभा दिल्ली के प्रधान पद पर लंबे समय तक विराजमान रहे हैं उनके साथ कार्य करते हुए हमने उनसे बहुत कुछ सीखा है। इस अवसर सभी उपस्थित महानुभावों ने महाशय जी को स्मरण करते हुए मानव सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संकल्प लिया और शांति पाठ के बाद प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## आचार्य ज्योति: स्वरूप स्मृति व्याख्यान व शोध संगोष्ठी सम्पन्न

19 नवंबर 2021 को आयोजित आचार्य ज्योति: स्वरूप स्मृति व्याख्यान व शोध संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रो रमेश भारद्वाज (अध्यक्ष संस्कृत विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय) ने की। राष्ट्रपति सम्मानित विद्वान् डॉ सुद्युम्न आचार्य द्वारा अष्टाध्यायी एवं महाभाष्य की परम्परा में शब्दार्थ विकास विषय पर विशिष्ट व्याख्यान हुआ। आर्ष गुरुकुल यज्ञतीर्थ एटा उत्तर प्रदेश के स्नातक परिषद् द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के साथ मिलकर यह शास्त्र व्याख्यान व शोध संगोष्ठी एवं व्याख्यान माला प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होगी। दिल्ली वि.वि., महर्षि दयानन्द वि.वि. रोहतक, गुजरात वि.वि. अहमदाबाद, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार में कार्यरत आर्ष गुरुकुल के स्नातक इस आयोजन के समन्वयक रहेंगे। प्रो ओमनाथ बिमली, प्रो. सुरेन्द्र कुमार, प्रो. कमलेश कुमार शास्त्री, प्रो. विनय विद्यालंकार क्रमश: प्रतिवर्ष अपने-अपने विश्वविद्यालय में व्याख्यान माला एवं शोध संगोष्ठी का आयोजन कराने में मुख्य भूमिका निभाएँगे। स्नातक परिषद् के सचिव डॉ ब्रजेश गौतम व कोषाध्यक्ष डॉ अवनीश कुमार के साथ कार्यकारिणी सदस्य डॉ सोहन कुमार के सक्रिय सहयोग से इस कार्यक्रम को उच्च शिक्षा व शोध के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि आचार्य डॉ वागीश शर्मा जी, सारस्वत अतिथि आचार्य प्रद्युम्न जी, विशिष्ट अतिथि डॉ राजीव पाराशर जी, सम्मानित अतिथि डॉ गार्गी उपाध्याय जी एवं आर्ष गुरुकुल यज्ञतीर्थ एटा के प्रधान श्री योगराज अरोड़ा जी, मुख्य अधिष्ठाता श्री देवराज शास्त्री जी, स्नातक परिषद् के अध्यक्ष व गुजरात विश्वविद्यालय में संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रो. कमलेश कुमार शास्त्री जी का सानिध्य रहा। आयोजन मंडल के सदस्य प्रो विनय विद्यालंकार (गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार), डॉ ब्रजेश गौतम, डॉ अवनीश कुमार, डॉ सोहन कुमार के साथ आचार्य यशपाल जी, श्री हेमकुमार विद्यावाचस्पति, श्री दशरथ कुमार शास्त्री, डॉ रामपाल आर्य, श्री सुरेन्द्र शास्त्री व अन्य स्नातक उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ स्नातक श्री हेमकुमार विद्यावाचस्पति व श्री दशरथ कुमार जी का अभिनन्दन किया गया।

ज्ञातव्य है कि आर्ष गुरुकुल यज्ञतीर्थ एटा की स्थापना 1948 में स्वामी ब्रह्मानन्द दण्डी जी द्वारा की गई थी तथा इस गुरुकुल के गौरवमय स्वरूप को आद्य आचार्य ज्योति:स्वरूप जी ने अपने त्याग और ज्ञान-तप से आगे बढ़ाया।

- ***डॉ. बृजेश गौतम***



# साप्ताहिक आर्य सन्देश

सोमवार 6 दिसम्बर, 2021 से रविवार 12 दिसम्बर, 2021

दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा, 15-हनुमान रोड, नई दिल्ली-110001

दिल्ली पोस्टल रजि.नं0 डी.एल.(एन.डी.)-11/6071/2021-22-2023

LPC, DRMS, दिल्ली-6 में पोस्ट करने की तिथि 9-10/12/2021 (गुरु-शुक्रवार)

पूर्व भुगतान किए बिना भेजने का लाइसेन्स नं. यू. (सी.) 139/2021-23

आर. एन. नं. 32387/77 प्रकाशन तिथि: बुधवार 8 दिसम्बर, 2021


प्रथम पृष्ठ का शेष

## असम एवं नागालैंड के विद्यालयों एवं सेवा केन्द्रों के विकास एवं....

वे उत्तर पूर्व राज्यों को एकजुट करने वाले श्री उल्लास कुलकर्णी जी से गुवाहाटी के संघ कार्यालय में जाकर मिले और उनसे पूर्वोत्तर के आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा क्षेत्र में संघ और आर्य समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों की चर्चा की। गुवाहाटी में असम राज्य के आईजी लॉ एंड आर्डर श्री दीपक केडिया जी से भी उनके निवास पर भेंट करके आर्य समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों एवम सुरक्षा को लेकर चर्चा की।



गुवाहाटी में आईजी लॉ एंड आर्डर श्री दीपक केडिया जी एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यालय में श्री उल्लास कुलकर्णी जी से भेंट करते श्री जोगेन्द्र खट्टर जी

प्रतिष्ठा में,

पृष्ठ 5 का शेष



आर्यसमाज कालकाजी के वार्षिकोत्सव के समापन समारोह के अवसर पर उद्बोधन देते दिल्ली आय प्रतिनिधि सभा के महामन्त्री श्री विनय आर्य जी, साथ में हैं आचार्य सोमदेव जी एवं अन्य मंचासीन अतिथिगण एवं आर्यजनों से भरा आर्यसमाज का हॉल।


केरल जो कभी वैदिक धर्म का केन्द्र था, वहां गत 100 वर्षों में क्या-क्या घटित हुआ, उन सत्य घटनाओं पर आधारित वीर सावरकर जी का प्रामाणिक उपन्यास अवश्य पढ़ें।

**'मोपला'**

प्राप्त करने के लिए सम्पर्क करें-
वैदिक प्रकाशन
दूरभाष: 23360150, 9540040339



खुशखबरी! खुशखबरी!!

**दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा**

**वर्ष 2022 का**

**कैलेण्डर प्रकाशित**

**मूल्य 1200/-रुपये सैंकड़ा**




200 से अधिक प्रतियां के आर्डर देने पर नाम से प्रकाशित करने की सुविधा अतिरिक्त शुल्क (200/- सैकड़ा) पर उपलब्ध है। सम्पर्क करें-

व्यवस्थापक, प्रकाशन विभाग
दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा (पं.),
15, हनुमान रोड, नई दिल्ली-1
दूरभाष : 011-23360150,
मो. 09540040339
ऑन लाइन खरीदें
bit.ly/VedicPrakashan








दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के लिए मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक श्री धर्मपाल आर्य द्वारा हरिहर प्रैस, ए-29/2, नरायणा औद्यो. क्षेत्र-1, नई दिल्ली-28 से मुद्रित एवं दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा, 15-हनुमान रोड, नई दिल्ली-1; फोन : 23360150; 23365959; E-mail : aryasabha@yahoo.com; Web : www.thearyasamaj.org से प्रकाशित

सम्पादक : धर्मपाल आर्य सह सम्पादक : विनय आर्य व्यवस्थापक : शिवकुमार मदान सह व्यवस्थापक : आर्य डॉ० ओमप्रकाश भटनागर, एस. पी. सिंह